Regarding new train from Muzaffarpur to New Delhi via Danapur

श्री अजय निषाद **(मुजफ्फरपुर):** महोदय, बिहार की आबादी 13 करोड़ से ज्यादा है और सभी लम्बी दूरी की ट्रेनों में वेटिंग टिकट ही मिलता है । मुजफ्फरपुर से दिल्ली वाया गोरखपुर आने में 18 घंटे से ज्यादा का समय लगता है ।

मेरी आपके माध्यम से यह मांग है कि अगर मुजफ्फरपुर से दिल्ली वाया पाटलिपुत्र, दानापुर होते हुए ट्रेन चलाई जाए तो मात्र 14 घंटे में दिल्ली पहुंचा जा सकता है । मेरी आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से यह मांग है कि मुजफ्फरपुर से नई दिल्ली वाया दानापुर के लिए एक ट्रेन दी जाए । धन्यवाद ।